कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 24.03.2026**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 23.03.2026** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना जमानियाँ पुलिस द्वारा 03 अदद गोवंश एवं 02 अदद पिकप वाहन के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.03.2026 को उ0नि0 अश्वनी प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा हेतिमपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर बहादुरपुर पुलिया के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1.मनीष कुमार पुत्र मंगरू कुमार 2.अमित यादव पुत्र रामाश्रय यादव को 03 राशि गोवंश एवं 02 अदद पिकप वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 80/2026 धारा- 3/5A/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम, पता व आपराधिक इतिहास –

01. मनीष कुमार पुत्र मंगरू कुमार निवासी भगतुआ सरसौल थाना चौबेपुर वाराणसी उम्र 26 वर्ष

(i) मु0अ0सं0 80/2026 धारा 3/5A/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 थाना जमानियाँ गाजीपुर

02. अमित यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी बरवाँ थाना करण्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष

(i) मु0अ0सं0 80/2026 धारा 3/5A/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 थाना जमानियाँ गाजीपुर

बरामदगी-

03 राशि गोवंश (02 गाय,01 बछड़ा), 02 अदद पिकप वाहन

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर